## एक नजर में

### खेत पर सो रहे युवक की सांप डसने से मौत

**नीमच।** जिले के रतनगढ़ थाना क्षेत्र में खेत पर सो रहे एक युवक की सांप के काटने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रतनगढ़ निवासी 20 वर्षीय बिट्टू पिता भवरलाल भील गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात अपने खेत पर सो रहा था। इसी दौरान करीब रात 1 बजे अचानक सांप ने उसे काट लिया। परिजन तत्काल उसे रतनगढ़ शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने युवक को नीमच जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन रात में ही उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने बिट्टू को मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल रतनगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### साकरिया खेडी में आयुष चिकित्सा शिविर




**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय हरवार द्वारा शुक्रवार को जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष बोरना के निर्देशन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर साकरिया खेड़ी में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास,कास,प्रतिशाय, रक्त अल्पता, ,, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर निःशुल्क औषधियां वितरित व बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण के बारे मे जानकारी दी । शिविर में कुल 52 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियाँ वितरित की गई। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ नीरज भाटी,श्री आजाद मंसूरी ,श्री दिलीप टिपण , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुश्री सरिता शर्मा , का भी विशेष सहयोग दिया है

### बघाना में आयुष शिविर संपन्न

**नीमच।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार ,सेवा पखवाड़ा, एव पोषण माह अभियान तहत शुक्रवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय बघाना द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 67 वार्ड 38 में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 38 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां दी गई। साथ ही ऋतुचर्या,दिनचर्या, पोषण आहार ,के बारे में बताया गया ।शिविर में डॉ.पंकज पाटीदार ,श्रीमती राजकुमारी शर्मा ने सेवाएं दी ।

### बॉलीवुड के अमर गीतों की गूंज से सजी संध्या

**मन्दसौर।** नगर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच ने विश्व बॉलीवुड दिवस के अवसर पर एक भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया। गुरुवार की शाम को बॉलीवुड के अमर गीतों की गूंज से सजे इस कार्यक्रम में सभी ने यादगार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की शुरुआत आबिद शाह ने सुनहरे सुरों में की जिन्होंने श्हम तुमसे जुदा होके मर जाएंगे रो रो केश् गीत से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।इसके बाद नरेन्द्र सागोरे ने श्गोरी तेरा गाँव बड़ा प्याराश् गीत प्रस्तुत किया।ललिता मेहता ने श्पत्थर के सनमए तुझे हमने मोहब्बत का खुदा जानाश् की मधुर धुन पर रंग जमा दिया। सतीश सोनी ने श्तेरे मेरे बीच में कैसा है ये बंधन अनजानाश् गाकर दिल छू लियाए जबकि श्याम गुप्ता ने श्मैं शायर तो नहीं मगर ए हंसी सनमश् गायक अंदाज़ में प्रस्तुत किया।अभय मेहता ने श्मुझको इस रात की तनहाई में आवाज़ ना दोश् भरे दिल से गाया।स्वाति रिच्छावरा की आवाज़ में श्गजब का है दिन सोचो ज़राश् गीत ने समां बाँधा।मीना जैन ने श्ये मुलाकात एक बहाना हैश् गीत से मधुर यादें ताजा कीं।सिमरन बेलानी ने श्कोई फरियाद तेरे दिल में दबी हो जैसेश् गीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।तन्मय हाडा ने श्छूकर मेरे मन को किया तूने क्या इशाराश् गीत में रोमांटिक एहसास बखूबी उकेरा। लोकेन्द्र पाण्डेय ने श्हमसे का भूल हुई जो ये सजा हमको मिलीश् गीत प्रस्तुत किया और लतेश हाड़ा ने श्चेहरा है या चाँद खिलाश् गाने से कार्यक्रम का नजारा और भी रौशन किया।इस संध्या का संचालन कर रहे अभय मेहता ने कहा कि इस आयोजन से स्थानीय सिने.संगीत प्रेमियों को एक यादगार शाम मिलीए और दशपुर रंगमंच ने फिर से यह साबित कर दिया कि वह मन्दसौर के सांस्कृतिक जीवन में एक जीवंत भूमिका निभाता है। अंत में आभार ललिता मेहता ने माना।

### नगर परिषद मल्हारगढ़ ने चलाया स्वच्छता अभियान




**मंदसौर।** स्वच्छता ही सेवा हैं अभियान एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर परिषद मल्हारगढ़ द्वारा एक घंटाए एक दिन श्रमदान अभियान अंतर्गत तहसील परिसर स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बालोध्यान में सफाई अभियान चलाया गया।इस अभियान में नगर के जनप्रतिनिधिए गणमान्य नागरिकए निकाय अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर बगीचे में चारा एवं गाजर घास की सफाई कर परिसर को स्वच्छ बनाया।साथ ही श्एक पेड़ माँ के नामश् अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया।इस दौरान उपस्थित सभी ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### ग्राम अलावदाखेड़ी से नालछामाता मंदिर तक निकालेगी चुनरी यात्रा

**मन्दसौर।** श्री महावीर फ्तेह करे सेवा संस्था बालाजी ग्रुप नगर अध्यक्ष लोकेश ठाकुर के अध्यक्षता में ग्राम अलावदाखेड़ी स्थित श्री बालाजी मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम अलावदाखेड़ी से नालछामाता तक 28 सितम्बर को 251 फीट चुनर यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष लोकेश ठाकुर ने कहा कि प्रतिवर्ष बालाजी ग्रुप द्वारा के नवरात्रि में जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र मंगल बैरागी के मार्गदर्शन में चुनरी यात्रा निकाली जाती है।इस वर्ष भी परम्परागत रूप से ग्राम अलावदाखेड़ी से नालछामाता तक 251 फीट चुनर यात्रा निकाली जाएगी।8 किण्मीण् दूरी तय कर यह चुनर यात्रा ग्राम अलावदाखेड़ी स्थित बालाजी मंदिर से 28 सितम्बर को प्रात:9 बजे बैण्ड बाजों व ढोल के साथ निकाली जायेगी। बालाजी ग्रुप के ग्राम प्रमुख मंगल फ्तारोड़ ने कहा कि हर वर्ष चुनरी यात्रा को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह रहता है।बालाजी ग्रुप के तत्वावधान में निकलने वाली इस यात्रा में मातृशक्ति केसरिया पताकाये हाथों में लेकर चलेगी।

## सभी नगरीय निकाय 15 दिसम्बर तक सभी प्रधानमंत्री आवासों का कार्य पूर्ण कराएं : कलेक्टर

- सेवा पखवाड़ा में सभी निकायों में रात्रिकालीन सफाई करवाई जाए-कलेक्टर
- कलेक्टर ने पी.एम.आवास योजना में सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाकर
- निकाय को सेचुरेटेड करने के निर्देश दिए

**नीमच। जिले की सभी नगरीय निकायों में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास के सभी निर्माण कार्यो को 15 दिसम्बर तक पूर्ण करवाना सुनिश्चित किया जाए।**

आवास निर्माण की किश्त का भुगतान प्राप्त करने के बाद भी आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले हितग्राहियों को आर.आर.सी. जारी कर आवास निर्माण का कार्य पूर्ण करवाए। प्रधानमंत्री आवास 2.0 के तहत निकाय क्षेत्र के सभी पात्र हितग्राहियों के आवेदन करवाकर, आवास निर्माण कार्य स्वीकृत करवाए और निकाय को पी.एम.आवास योजना में सेचुरेटेड करवाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले के सभी नगरपालिका अधिकारियों, उपयंत्रियों की बैठक में नगरीय विकास योजनाओं और निर्माण कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में पीओ डूडा श्री पराग जैन, सीएमओ नीमच श्रीमती दुर्गा बामनिया एवं सभी सीएमओ, उपयंत्री उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सभी सीएमओ को निर्देश दिए, कि वे सेवा पखवाड़ा के तहत नगरीय निकायों में 2 अक्टूबर तक रात्रि कालीन साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। दुकानदारों से दुकानो व बाहर बड़े डस्टबीन लगवाए। न.पा.अपनी निधि से सार्वजनिक स्थलों पर बडे डस्टबीन लगवाए।



प्रधानमंत्री आवास के लिए 2 अक्टूबर तक आवेदन करवाए। सीएमओ को निर्देश दिए, कि वे अपने क्षेत्र के सभी पात्र हितग्राहियों के 2 अक्टूबर तक पीएम आवास में ऑनलाईन आवेदन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिए, कि कोई भी पात्र हितग्राही प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन करने से वंचित ना रहे।

नगरीय निकाय करो की वसूली प्राथमिकता से करें-कलेक्टर

कलेक्टर ने बैठक में नगरीय निकायवार करो की वसूली की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए, कि सभी सीएमओ नगरीय करो, सम्पति कर, समेकित कर, जलकर, स्वच्छता कर आदि करों की वसूली प्राथमिकता से करें। कलेक्टर ने एक माह में न.पा.नीमच को 30 प्रतिशत, जीरन को 45 प्रतिशत, मनासा, कुकडेश्वर, रामपुरा, जावद, अठाना, नयागांव व सरवानिया महाराज को 50 प्रतिशत वसूली करवाने के निर्देश दिए। साथ ही रतनगढ व सिंगोली को क्रमश- 70 व 60 प्रतिशत वसूली एक माह में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी निकायों को स्वच्छता कर्मियों को प्रतिमाह नियमित रूप से वेतन का भुगतान करने के भी निर्देश दिए।

### पी.एम.स्वनिधि योजना के सभी पात्रों को लाभांवित करवाएं

बैठक में कलेक्टर ने सभी सीएमओ को निर्देश दिए, कि वे निकाय क्षेत्र के सभी स्ट्रीट वेण्डर को पात्रतानुसार पी.एम. स्वनिधि योजना ने प्रथम, व्दितीय व तृतीय चरण का लाभ दिलाए। कोई भी हितग्राही लाभ से वंचित ना रहे।

## धनेरिया कला में स्थित है चमत्कारी मां भैंसा श्री माताजी का मंदिर

**नीमच। जिला मुख्यालय से सटे गांव धनेरिया कला में स्थित मां भैंसा श्री माताजी का चमत्कारी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। भक्तों की मान्यता है कि माता जी दुख-दर्द दूर कर जीवन में सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं।**

मंदिर परिसर में स्थित मां की कुई विशेष आस्था का केंद्र है, जिसका जल अमृत तुल्य माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस जल से स्नान करने और सेवन करने से शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। यहां तक कि लकवा (पैरालिसिस) जैसे गंभीर रोग भी माता जी की कृपा से दूर हो जाते हैं।

मंदिर के पुजारी मुकेश नाथ ने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तजन यहां पहुंचते हैं और माता जी की कृपा से लाभान्वित होते हैं। उन्होंने कहा कि कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जहां लंबे समय से



पीड़ित लोग माता जी की कुई के जल से स्वस्थ हुए हैं।

ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं का कहना है कि इस मंदिर में मां भैंसा श्री माताजी की असीम शक्ति का अनुभव हर भक्त को होता है। यहां मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूरी होती है। कुई का जल किसी साधारण जल की तरह नहीं बल्कि भक्तों के लिए अमृत समान है, जो तन-मन को शुद्ध कर जीवन को नया आयाम देता है। धनेरिया कला का यह मंदिर न केवल आसपास के ग्रामीण अंचल के लोगों के लिए बल्कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का पवित्र स्थल बन चुका है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत जिला प्रशासन की अभिनव पहल

- 10 दिव्यांगजनों एवं बाछड़ा समुदाय के युवाओं को स्वरोजगार के लिए ई-रिक्शा वितरित
- सांसद, विधायक एवं कलेक्टर ने वितरित किए ई-रिक्शा

**नीमच। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के तहत दिव्यांगजनों और पंख अभियान के तहत बांछड़ा समुदाय के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने का अभिनव प्रयास किया गया है। 5 दिव्यांगजनों और बांछड़ा समुदाय के 5 युवाओं को सीएसआर मद से ग्रीन को के सहयोग से स्मार्ट ई-रिक्शा उपलब्ध करवाए गये है। इन ई-रिक्शाओं को संचालन कर ये दिव्यांगजन एवं युवा स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे।**




सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक नीमच दिलीपसिह परिहार, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्टोरेट में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजन भगवानपुरा नीमच की सुश्री दीपमाला पिता नरेन्द्र, देपालपुरा के गोपाल पिता हीरालाल, कनावटी के पन्नालाल-चेनराम, मेलानखेड़ा के सत्यनारायण-भगवान, जावद के मुकेश-नाथूलाल, पंख अभियान के तहत हिंगोरिया निवासी युवक मनीष कुमार-दिनेश, दिनेश मालवीय-गोतम, मुकेश-जगदीश को ई-रिक्शा की चॉबी प्रदान कर ई-रिक्शा प्रदान किए। सांसद, विधायक ने फीताकाटकर ई-रिक्शा का वितरण किया और दिव्यांग दीपमाला के रिक्शा की सवारी भी की। सांसद ने दीपमाला को ई-रिक्शा सवारी का किराया शगुन स्वरूप नगद भेट किया।

इस अवसर पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में रेडक्रास, उप संचालक सामाजिक न्याय नीमच द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 21 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, छड़ी व व्हील चेयर आदि उपकरण एल्पिको की ओर से वितरित किए। सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के 222 चयनित दिव्यांगजनों को उपकरण श्रवण यंत्र व कृत्रिम अंग वितरित किए जा रहे है। कार्यक्रम को सांसद, विधायक एवं कलेक्टर ने भी सम्बोधित किया व दिव्यांगजनों को बधाई दी।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू श्री कमलेश, श्री लोकेश चांगल, डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, रेडक्रास के सचिव श्री सोपलिन वधवा सहित रेडक्रास सामाजिक न्याय विभाग के कर्मचारी एवं हितग्राही व उनेक परिजन उपस्थित थे।

## गरबा आयोजन विभिन्न समाजों के बीच एकता और सौहार्द बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम : जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर

**मन्दसौर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गांधी नगर में नवदुर्गा गरबा समिति द्वारा नवरात्रि में भव्य गरबों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन अतिथियों की उपस्थिति में गरबा समिति एवं मातृशक्ति द्वारा माताजी की आरती की जाती है तत्पश्चात् भारतीय संस्कृति के अनुरूप माताओं व बहनों द्वारा आकर्षक गरबों की प्रस्तुति दी जाती है।

गुरूवार की संध्या आयोजित आरती में मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉण् प्रवीणसिंह मण्डलोईए जिला धार्मिक उत्सव समिति के अध्यक्ष वरदीचंद कुमावतए विनोद मेहताए बाबूलाल ललोहारए अम्बाबाई लोहारए विनय दुबेला, राजेन्द्र चाष्टाए बंशीलाल टांक, नटवर पारीखए अशोक पालीवाल, राजू नागदाए सुरेन्द्र कुमावतए, निरंजन भारद्वाजए कमलेश नागदा, लता मेताए ललिता कुमावतए हेमा कंडारेए



अंजली चौहानए अंशीता जायसवालए रीना राठौर सामाजिक समरसता मंच के रूपनारायण मोदी आदि उपस्थित थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुर्जर ने कहा कि गांधी नगर में समित द्वारा कई वर्षों से भव्य गरबा पंडाल स्थापित कर माता की आराधना का पर्व मनाया जाता है। यह आयोजन न केवल धार्मिक होता हैए बल्कि इस क्षेत्र में विभिन्न समाजों के बीच एकता और सौहार्द बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत नवदुर्गा गरबा समिति संरक्षक कृपालसिंह शक्तावतए राजेन्द्रसिंह राणाए राजेन्द्रसिंह राणावतए गोवर्धन सिंह सोलंकीए मनोहरलाल चौहानए परामर्शदाता धर्मपालसिंह देवड़ाए श्री पृथ्वीराज सिंह देवड़ाए सीएल बसेरए आदि ने किया।

## बाइब्रेंट क्लब का सांस्कृतिक उत्सव व उमंग से परिपूर्ण मिलन समारोह आयोजित

**मन्दसौर। वाइब्रेंट क्लब ने नवरात्रि और गरबा की थीम पर अपने सदस्यों के लिए एक विशेष मिलन समारोह का आयोजन कियाए जो सांस्कृतिक उत्सव और उमंग से परिपूर्ण रहा।**

क्लब अध्यक्ष सीए प्रजवी जैन ने बताया इस आयोजन को क्लब के सदस्य संगीता डांगीए ममता चोपड़ाए भारती जैनए दीपा जैनए शीला ओसवालए प्रजवी जैन ने प्रायोजित कियाए जिसके प्रति सभी ने आभार व्यक्त किया।

पारंपरिक परिधान में सजे.धजे सदस्यों की उपस्थिति ने पूरे माहौल को रंगीन और उत्सवी बना दिया। शाम का शुभारंभ नवरात्रि हाउज़ी गेम से हुआए जिसने सभी को उत्साह से भर दिया और आपसी मेलजोल को और प्रगाढ़ किया। इसके बाद समूह गरबा नृत्य ने पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा और उल्लास का संचार किया। नृत्य में महिलाओं ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।



इसके साथ ही केक वर्कशॉप का आयोजन भी सदस्य सीमा पोखरना द्वारा किया गयाए जिसमें प्रतिभागियों ने नई तकनीकें सीखते हुए रचनात्मकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम की एक और विशेष आकर्षण प्रस्तुति थी नाटक जिसमें दर्शाया गया कि नवरात्रि का पर्व क्यों मनाया जाता है। इस नाट्य मंचन ने उपस्थित जनों को न केवल मनोरंजन प्रदान कियाए बल्कि नवरात्रि की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को भी गहराई से समझाया।

गरिमा और उत्साह से भरे इस आयोजन ने क्लब के सदस्यों के बीच आपसी एकता और सौहार्द को और मजबूत किया। सचिव अंतिम बक्षी ने आभार व्यक्त कर बताया यह प्रयास न केवल मनोरंजन का माध्यम बनाए बल्कि संस्कृति और परंपरा को जीवंत करने का भी सफल उदाहरण सिद्ध हुआ।

## एक नजर

### बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित निंबोद की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

## अपने अधिकार के लिए सर्वानुमति से संकल्प पारित चुनाव नहीं होने तक सदस्यों द्वारा साधारण सभा का बहिष्कार किया जाएगा

**निंबोद। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित निंबोद की वार्षिक साधारण सभागुरुवार को संस्था के नवीन गोदाम नई आबादी में संपन्न हुई साधारण सभा की अध्यक्षता संस्था के वरिष्ठ सदस्य ठाकुर राजेंद्र सिंह सिसोदिया पूर्व विधायक की उपस्थिति में उपस्थित सदस्यों के समक्ष संस्था के वर्ष 2026 .27के बजट कि स्वीकृति उपस्थित सदस्यों द्वारा दी गई।**

वर्ष 2024 25 वित्तीय पत्रक अन्य एजेंट अनुसार संस्था प्रबंधक चतुर्भुज परिहार द्वारा पढ़कर सदस्यों सदस्य समक्ष प्रस्तुत कर स्वीकृति प्राप्त की साधारण सभा में उपस्थित संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष श्री जितेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा मांग की की वर्तमान में कोऑपरेटिव सोसाइटियों के चुनाव 2013 के बाद अभी तक नहीं हुए जो जो जनता और किसानों के हित में सही नहीं है संस्थानों में जनप्रतिनिधि का संचालक मंडल होना चाहिए क्योंकि संस्था किसानों के द्वारा गठित संस्था है इस विषय का वार्षिक साधारण सभा में आपके द्वारा दिए गए सुझाव का सभी उपस्थित सदस्यों का पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ वह मध्य प्रदेश शासन से संस्था द्वारा वार्षिक साधारण सभा में प्रस्ताव पारित कर निर्वाचन समय सीमा में करने हेतु मांग की गई ।

संस्थाओं के निर्वाचन नहीं होने पर उपस्थित सदस्यों द्वारा अगले वर्ष वार्षिक साधारण सभा मैं उपस्थित नहीं होने का निर्णय लिया गया और मांग की गई की तत्काल संस्था के चुनाव करवाया जाए उपस्थित सदस्यों में से श्रीईश्वर सिंह पलासियाए शिव चरणसिंह मजेसरा द्वारा भी अपने सुझाव वार्षिक साधारण सभा में दिए और ग्राम पलासिया में गोदाम निर्माण हेतु मांग की गई अंत में साधारण सभा की अध्यक्षता कर रहे आदरणीय ठाकुर साहब श्री राजेंद्र सिंह सिसोदिया पूर्व



विधायक महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में सहकारिता के ऊपर प्रकाश डाला कि विगत 30 से 40 वर्ष आमूल चूल परिवर्तन हुआ है भारत सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र में जो किसान बंधु जुड़े हुए हैं उनके लिए भारत सरकार में पहली बार सहकारिता मंत्रालय बना मंत्रालय बनने की पक्ष निर्णय लिया गया है कि किसानों को ज्यादा सुविधाएं मिले उसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नवीन संस्थाओं का गठन किया जा रहा है जो बहुत ही सराहनी है जिससे आम जनता को सुविधा होगी काम का बंटवारा होने से कार्य की पारदर्शिता रहेगी वह किसानों का काम समय में होगा ऐसी योजना भारत सरकार द्वारा बनाई गई ।

जिसमें प्रमुख रूप से सभी संस्थाओं का कंप्यूटराइजेशन कार्य है सभी किसानों का डाटा इआरपी के माध्यम कंप्यूटर में दर्ज हुआ है इससे कार्य करने में सुविधा होगी साधारण सभा में धर्मेंद्र सिंह सिसोदियाए अर्चना बाबूलाल टाकए कार्य क्षेत्र के ग्राम निंबोदए पलासियाए मजेसरा मजेसरी सभी सदस्य कर्मचारी बंधु उपस्थित हुए अंत में आभार प्रदर्शन संस्था के श्री गोवर्धन लाल कुमावत सहायक प्रबंधक द्वारा किया गया।